हरिभूमि
# सिरसा-फतेहाबाद भूमि
रोहतक, शुक्रवार, 28 मार्च 2025

11 आंगनबाड़ी वर्कर्स का दूसरे दिन पड़ाव जारी



12 कॉलेज के बाहर बस न रोकने से खफा विद्यार्थियों ने रतिया में ...



**नगरपरिषद की चौथी बैठक में आगामी वित्त वर्ष 2025-26 का बजट पास**

# नप के 6 वाहन सालभर में पी गए 9 लाख का तेल, चाय-समोसे पर खर्च डाले लाखों

## 34.56 करोड़ का बजट पास, नगर परिषद के 18 बैंकों में पड़े हैं 74 करोड़

*हाउस की बैठक में 2025-26 में 34 करोड़ 56 लाख रुपये की प्रस्तावित आय जबकि 34 करोड़ 22 लाख रुपये का खर्च दिखाया गया है। मेहमानवाजी के लिए खर्च किए गए 2 लाख 47 हजार रुपयों को लेकर अधिकारियों से जवाब मांगा है*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

**नप की बैठक**

आखिरकार वीरवार को हुई नगरपरिषद की चौथी बैठक में बजट पास हो ही गया। आगामी वित्त वर्ष 2025-26 के लिए 34 करोड़ 56 लाख का बजट पास किया गया है। हाऊस की बैठक में 2025-26 में 34 करोड़ 56 लाख रुपये की प्रस्तावित आय जबकि 34 करोड़ 22 लाख रुपये का खर्च दिखाया गया है। बजट बैठक काफी हंगामेदार रही। हाऊस के वरिष्ठ पार्षद मोहन लाल नारंग ने नगरपरिषद में खर्च को लेकर काफी सवाल खड़े किए। मोहन लाल नारंग ने नगरपरिषद के 6 वाहनों पर 9 लाख रुपये पेट्रोल के खर्च और लोगों की मेहमानवाजी के लिए खर्च किए गए 2 लाख 47 हजार रुपयों को लेकर अधिकारियों से जवाब मांगा। मोहन लाल नारंग ने कहा कि बजट बैठक आंकड़ों का मायाजाल है। नगरपरिषद अधिकारियों के दस्तावेज देखें या इनसे पूछे गए सवालों के जवाब पर जाएं तो हम 45 साल पीछे खड़े हैं। वार्षिक बजट को लेकर नगरपरिषद की बैठक पहले तीन बार रद्द हो चुकी है। बुधवार को पार्षदों की मांग पर हाऊस की बैठक हुई तो उसमें सहमति बनी कि वीरवार को बजट बैठक रखी जाए। आज जैसे ही बजट बैठक शुरू हुई तो पार्षदों ने एक बार फिर विकास कार्यों को लेकर जमकर हंगामा किया। पार्षद मोहन लाल नारंग ने कहा कि नगरपरिषद के पास ऑफिशियली 6 वाहन है। इन वाहनों पर पेट्रोल का खर्च 9 लाख रुपये दिखाया गया है। इसके अलावा नगरपरिषद ने लोगों की मेहमान नवाजी के लिए एक साल में 2 लाख 47 हजार रुपये खर्च कर दिए। इसके अलावा फरवरी 2025 तक नगरपरिषद को 36 करोड़ 32 लाख की आमदनी हुई जिसमें से 28 करोड़ 33 लाख रुपये खर्च कर दिए गए। उन्होंने सवाल दागा कि बीते वर्ष डोर टू डोर कचरा कलेक्शन पर 1 करोड़ 88 लाख की राशि खर्च हुई जो इस साल बढक़र 3 करोड़ 52 लाख रुपये हो गई। यानि कि बीते वर्ष से इस साल कचरा उठाने के लिए दोगुना राशि खर्च कर दी गई। इस पर पार्षद मोहन लाल नारंग ने आपत्ति जताई। उन्होंने कहा कि नगरपरिषद के अधिकारियों की सुनें तो ऐसा लगता है कि हम 45 साल पुराने दौर में पहुंच गए हैं। अधिकारियों के पास बजट तो है लेकिन अगले वित्तीय वर्ष में क्या काम करता है, इसका कोई प्लान नहीं है। अधिकारियों को अपनी जिम्मेवारी का पता नहीं है।

*पार्षदों ने फिर विकास कार्यों को लेकर जमकर हंगामा किया*

*36.32 करोड़ की आमदनी में से 28 करोड़ 33 लाख खर्च किए*

*वार्षिक बजट को लेकर नगरपरिषद की बैठक पहले तीन बार हुई रद*



### पार्षदों ने अपने-अपने वार्ड की समस्याएं रखीं

बैठक में अनेक पार्षदों ने अपनी-अपनी मांगों को उठाया। पार्षद राधा कुल्ड़िया ने जहां हर महीने हाऊस की मीटिंग होने की बात कही तो पार्षद ज्योति मेहता ने कहा कि मैंने तीन हाउस देखे हैं, लेकिन पहली बार ऐसा देख रही हूं कि वार्ड में जाने पर अधिकारी पार्षद को नहीं बुलाते हैं। इससे पहले जब भी कोई अधिकारी जाता था, तो पहले पार्षद को बुलाते थे। इस पर प्रधान राजेंद्र खिंची ने कहा कि अब लेटर निकाल देते हैं कि कोई भी अधिकारी वार्ड में जाएगा तो पार्षद को जरूर बुलाएगा। पार्षद राजू तूड़ेवाला ने गली निर्माण को लेकर आवाज उठाई तो पार्षद मास्टर चंद्रभान ने बजट मीटिंग से सिर्फ 10 मिनट पहले बजट कॉपी देने पर सवाल खड़े किए। उन्होंने कहा कि इस बजट को तीन-चार दिन पहले कॉपी के साथ दिया जाना चाहिए ताकि पार्षद इस पर चर्चा कर सकें।

### सार्वजनिक शौचालयों के रखरखाव के लिए 44 लाख, गलियां बनाने के लिए 9 करोड़ खर्च

*पार्षद मोहन लाल नारंग ने कहा कि बीते वित्तीय वर्ष में सार्वजनिक शौचालयों के रखरखाव पर 18 लाख 60 हजार की राशि खर्च की गई और इस वर्ष यह राशि 44 लाख 68 हजार रुपये बताई गई है। क्या कोई अधिकारी बता सकता है कि यह राशि दोगुना से ज्यादा खर्च कैसे होगी। बीते वर्ष रोड एंड स्ट्रीट कंस्ट्रक्शन पर 6 करोड़ 95 लाख की राशि खर्च हुई। इस बार यह बढ़ाकर 9 करोड़ 13 लाख बताई गई है। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि यह अलग-अलग बताया जाए कि रिपेयरिंग और नए कंस्ट्रक्शन पर कितना-कितना खर्च हुआ है। बैठक में यह भी बताया गया कि नगरपरिषद के 18 बैंकों में खाते हैं जिसमें 70 करोड़ से अधिक की राशि पड़ी है।*

# सिरसा : नवनिर्वाचित चेयरमैन शांति स्वरूप ने संभाला कार्यभार

**[ कहा : नप में भ्रष्टाचार बर्दाश्त नहीं ]**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा



सिरसा। कार्यभार संभालते नवनिर्वाचित चेयरमैन शांति स्वरूप।

नगर परिषद के नवनिर्वाचित चेयरमैन वीर शांति स्वरूप ने वीरवार को कार्यभार संभाल लिया है। नगर परिषद कार्यालय में कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें भाजपा नेताओं ने शिरकत की और उन्हें बधाई दी। इस मौके पर वीर शांति स्वरूप ने कहा कि नगर परिषद में भ्रष्टाचार बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। भ्रष्ट अधिकारियों व कर्मचारियों पर कार्रवाई करना उनका पहला कदम होगा। वह स्वयं इस मामले में कार्यवाही करेंगे। उन्होंने कहा कि शहर को स्वच्छ बनाना होगा लक्ष्य और सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाया जाएगा। कर्मचारियों की मांग कर नये कर्मचारी भर्ती किए जाएंगे। वीर शांति स्वरूप ने कहा कि शहर में बेहतर पार्किंग व्यवस्था बनाई जाएगी। पार्किंग की जगह का समाधान कर जल्द से जल्द कार्य शुरू करवाए। जनता का कार्य को प्राथमिकता के साथ करना हमारा कार्य होगा। जनता के साथ कोताही बर्दाश्त नहीं होगी। बेसहारा पशुओं को लेकर विशेष अभियान चलाया जाएगा। लोगों की भागीदारिता भी इसके लिए जरूरी है।








टीवी चाइल्ड आर्टिस्ट्स

# अप्रैल फूल-डे पर प्रैंक्स का मजा

फर्स्ट अप्रैल यानी 'अप्रैल फूल-डे', ऐसा दिन जब हम दूसरों के साथ प्रैंक करके उसे मूर्ख ही नहीं बनाते, दूसरे भी हमें मूर्ख बनाते हैं। इस दिन मूर्ख बनाने या बनने का एक अलग ही मजा है। टीवी के कुछ चाइल्ड आर्टिस्ट्स अप्रैल फूल-डे पर फूल बनाने और बनने की अपनी मजेदार यादें **बालभूमि** के साथ शेयर कर रहे हैं।



### नहीं मिली चॉकलेट-टॉफी, मैं बन गया फूलः कविश खुंगर

**अप्रैल फूल-डे** है तो किसी से डरना कैसा, पापा से भी नहीं। शेमारू उमंग के लोकप्रिय शो 'मैं दिल तुम धड़कन' में कान्हा की भूमिका निभा रहे कविश खुंगर ने भी मजे से अपने पापा के साथ फर्स्ट अप्रैल को प्रैंक किया था। कविश हंसते हुए बताता है, 'मैंने पहली अप्रैल को अपने पापा के मोबाइल में हर पांच मिनट पर अलार्म सेट कर दिया। उन्होंने कई बार बंद किया, लेकिन अलार्म फिर से बजने लगता। वो इससे परेशान हो रहे थे। जब मैंने बताया कि यह मेरा काम था, तो पापा हंसने लगे और बोले- अरे, तूने तो मुझे सच में अप्रैल फूल बना दिया।'

कविश उस इंसिडेंट को भी याद करता है, जब वह अप्रैल फूल बना था। वह बताता है, 'एक बार, मेरे एक दोस्त ने मुझसे कहा- कविश, तुम्हारे लिए चॉकलेट्स और टॉफियां आई हैं। मैंने सोचा- वाह! कितना अच्छा है! मैं खुशी-खुशी जाकर उस जगह पर देखा, जहां उसने चॉकलेट और टॉफियां रखी होने की बात कही थी। लेकिन वहां कुछ भी नहीं था। पीछे से आकर वह दोस्त हंसते हुए बोला- अप्रैल फूल! चॉकलेट्स और टॉफियां तो नहीं मिलीं, लेकिन मुझे मजा बहुत आया, क्योंकि यह एक प्रैंक था।' *

### मेरे प्रैंक पर पापा चौंक गएः वृही कोडवारा

**सिर्फ दोस्तों** के साथ ही नहीं, फैमिली में भी अप्रैल फूल-डे मनाने का एक अलग मजा है। सोनी सब के शो 'पुष्पा इंपॉसिबल' में स्वरा पटेल की भूमिका निभा रही वृही कोडवारा हंसते हुए अप्रैल फूल-डे से जुड़ा अपनी फैमिली का ही एक मजेदार इंसिडेंट बताती है, 'लास्ट ईयर मैंने अपने पापा को अप्रैल फूल बनाने की प्लानिंग की। उनसे कहा- मेरे स्कूल में आज से ही गर्मी की छुट्टियां शुरू हो गई हैं। अब दो महीने तक कोई क्लास नहीं होगी। पापा इस बात पर चौंक गए। उन्होंने स्कूल ग्रुप पर मैसेज चेक किया, तो उन्हें समझ में आ गया कि मैंने उनके साथ प्रैंक किया है। उन्होंने भी मजाक में कहा- अच्छा! तो अब घर पर ही एक्स्ट्रा पढ़ाई होगी।'



वृही उस घटना के बारे में भी बताती है, जब वो खुद अप्रैल फूल बन गई थी। वृही के साथ प्रैंक उसकी मम्मी ने किया था। वह बताती है, 'एक बार अप्रैल फूल-डे पर मम्मी ने मुझसे कहा- जल्दी से पैकिंग कर लो, हम अभी छुट्टी मनाने के लिए गोवा जा रहे हैं! मैं इतनी एक्साइटेड हो गई कि बिना कुछ सोचे झटपट बैग में अपने कपड़े भरने लगी। जब सब तैयारी हो गई तो मम्मी हंसकर बोलीं- अप्रैल फूल! मैं पहले तो हैरान रह गई, फिर हम सब जोर से हंसने लगे।' *

### ...तब समझ आया मैं बन गया था अप्रैल फूलः सौम्य आजाद

**फर्स्ट अप्रैल** को किसी के साथ प्रैंक करके अप्रैल फूल-डे एंज्वॉय न किया जाए, यह कैसे हो सकता है। एंड टीवी के शो 'हप्पू की उलटन पलटन' में रणबीर का रोल कर रहा सौम्य आजाद पिछले साल फर्स्ट अप्रैल के दिन सेट पर था, लेकिन यहां भी वह अपने फ्रेंड को मूर्ख बनाने से चूका नहीं। उसने इस शो में अपने को-आर्टिस्ट आर्यन प्रजापति को अप्रैल फूल बनाया था। सौम्य हंसते हुए बताता है, 'हम शूटिंग के बीच ब्रेक पर थे। मैंने आर्यन से बड़े सीरियस अंदाज में कहा- डायरेक्टर सर ने बुलाया है, वह कह रहे हैं कि तुम्हारा सीन बोगस शूट हुआ है। यह सुनकर बेचारा आर्यन दुखी हो गया। भागा-भागा डायरेक्टर सर के पास पहुंचा और बोला- सर, मैं फिर से कोशिश करता हूं, आप मुझे एक और टेक करने का चांस दे दीजिए। डायरेक्टर सर हंसते हुए बोले- अरे, तुम्हारा शॉट तो बहुत अच्छा हुआ, मैंने तो बुलाया ही नहीं! तब जाकर उसे समझ आया कि वह अप्रैल फूल बन चुका है। सेट पर जारा, मैं और बाकी सभी लोग जोर से हंस पड़े।'



सौम्य उस घटना का भी जिक्र करता है, जब वह खुद अप्रैल फूल बन गया था। वह बताता है, 'एक बार सेट पर ही आर्यन और जारा ने मिलकर मुझे अप्रैल फूल बनाया था। फर्स्ट अप्रैल के दिन जारा ने बड़े सीरियस टोन में मुझसे कहा- आज की शूटिंग कैंसल हो गई है, प्रोडक्शन से मैसेज आया है कि सभी घर जा सकते हैं! मैं तो खुशी से झूम उठा! फटाफट वैनिटी में जाकर ड्रेस बदली और बैग उठाकर घर जाने लगा। जैसे ही मैं गेट के पास पहुंचा, पीछे से जारा, आर्यन और पूरी टीम ने जोर से चिल्लाकर कहा- अप्रैल फूल! मैं वहीं खड़ा रह गया। सबकी हंसी सुनकर समझ आया कि इस बार मैं खुद ही अप्रैल फूल बन गया हूं।' *

### जब मैंने खा ली नीम वाली चॉकलेटः हेत मकवाना

**सन नियो** के शो 'रिश्तों से बंधी डोर' में कान्हा का किरदार निभा रहा हेत मकवाना अपने दोस्त को अप्रैल फूल बनाने का मजेदार इंसिडेंट बताता है, 'मैंने फर्स्ट अप्रैल की सुबह अपने खास दोस्त से कहा- अरे, आज स्कूल में अप्रैल फूल-डे पर स्पेशल छुट्टी दी गई है! वह बिना कुछ सोचे खुशी-खुशी घर में बैठ गया। थोड़ी देर बाद, जब उसे पता चला कि स्कूल की छुट्टी नहीं है, तो वह भागता हुआ स्कूल आया। जैसे ही मैंने उसे देखा, मैं जोर से हंसते हुए बोला- अप्रैल फूल! वह पहले तो बहुत गुस्साया लेकिन बाद में मैंने उसे मना लिया। थोड़ी देर बाद, हम दोनों मिलकर इस मजाक पर खूब हंसे।'

हेत आगे अपने अप्रैल फूल बनने का भी एक मजेदार किस्सा सुनाता है, 'एक बार फर्स्ट अप्रैल के दिन, सुबह-सुबह मम्मी ने मुझे एक चॉकलेट दी और कहा- ये बहुत खास चॉकलेट है, मैंने तेरे लिए खासतौर से बनाई है। खाकर बताओ कैसी लगी? मैंने जैसे ही खाया, मुंह में कड़वाहट फैल गई, मम्मी से बोला-अरे! यह तो नीम की चॉकलेट थी! मम्मी जोर-जोर से हंसते हुए बोलीं- अप्रैल फूल बनाया! मम्मी के यह बताने पर मैं भी हंस पड़ा।' *



प्रस्तुतिः बालभूमि फीचर्स

हास्य कविता

अलका जैन 'आराधना'



## जंगल में अप्रैल फूल

चालू लोमड़ी, होशियार हाथी,
और जंगल के राजा शमशेर।
सब चौंक गए थे इक दिन,
देख जंगल में पत्तों का ढेर।
शमशेर सिंह ने जंगल में,
बैठक बुलाई इक आपात।
संदेह जताया उन्होंने यही,
शिकारी लगा के बैठे घात।
इसीलिए बनाए हैं ये गड्ढे,
ताकि हम इनमें जाएं गिर,
गिरकर ऐसे फंसें जाल में,
निकल न पाएं उससे फिर।
जल्दी से जल्दी हमें अब,
निकालना होगा कोई उपाय,
घोषणा करवा दो जल्दी,
जाल में कोई फंस न जाए।
सुनकर बातें राजा जी की,
भोलू भालू लगा मुस्काने
कहने लगा अप्रैल फूल है,
कोई भी इसका बुरा न माने।
सुनकर भालू की ये बात
शमशेर भी थोड़ा मुस्काया।
बोले-भालू भैया तुमने,
अप्रैल फूल हमें खूब बनाया।

कविता

डॉ. आर. पी. सारस्वत



## ईद सुहानी आई है!


ईद सुहानी आई है!
घर-घर खुशियां लाई है।
सलमा, रजिया, सुल्ताना,
चहक रहीं चिड़ियों जैसी।
नाचें-झूमें, इधर-उधर,
आज लगें गुड़ियों जैसी।
सबने प्यारी-प्यारी-सी,
नई ड्रेस सिलवाई है!
अब्बू, अनवर इनके भाई,
फूले नहीं समाते हैं।
'ईद मुबारक' कहते-कहते,
सब पर प्यार लुटाते हैं।
रमजानी काका ने तो,
बांटी आज मिठाई है!
आज पड़ोसी राज, रतन
घर पर मिलने आए हैं।
अब्बू-चाचू ने दोनों,
अपने गले लगाए हैं।
मीठी-सिंवइयों की मिल,
दावत खूब उड़ाई है!!

कहानी

जाकिर अली 'रजनीश'

सादिक को मन ही मन ईदगाह के बाहर फटे-पुराने कपड़े में भीख मांग रहे लड़के की मदद नहीं कर पाने का बहुत अफसोस हो रहा था। ईद की खुशी वह महसूस नहीं कर पा रहा था। लेकिन अब्बू ने कुछ ऐसा किया कि सादिक की ईद की खुशी दुगनी हो गई।

## ईद की दुगनी खुशी



ईद की नमाज खत्म होते ही सभी लोग एक-दूसरे से गले मिले, एक-दूसरे को मुबारकबाद देने लगे। इसके बाद सभी लोग अपने-अपने घरों की ओर चल पड़े। अपने दोस्तों से बातें करता हुआ सादिक भी ईदगाह से बाहर आ गया। तभी उसकी नजर सामने खड़े एक लड़के पर जा पड़ी। फटे-पुराने कपड़ों में लिपटा वह लड़का कह रहा था, 'बाबू जी, कुछ पैसे दे दो, हम भी खुशी मना लें।'

लड़के की दशा देखकर सादिक एक पल के लिए रुका। उसने सोचा ईद पर घर के बड़ों से उसे जो पैसे मिले हैं, उनमें से कुछ पैसे वह उस लड़के को दे दे। पैसे निकालने के लिए जैसे ही सादिक ने जेब में हाथ डाला, उसकी जेब खाली थी। दरअसल, वह अपने पैसे घर पर ही भूल आया था। घर लौटते हुए रास्ते भर सादिक उस लड़के के बारे में सोचता रहा। कब घर आ गया, उसे पता ही नहीं चला। घर में सभी लोगों से सलाम-दुआ करने के बाद वह अपने कमरे में जा बैठा। उसके चेहरे की खुशी अब काफूर हो चुकी थी। उसके मन में उस भिखारी लड़के की आवाज अब भी गूंज रही थी, 'बाबू जी ... हम भी खुशी मना लें।'

'कितना गरीब था वह लड़का। उसकी आवाज में भी कितना दर्द था। बेचारे के पास इतने पैसे भी नहीं कि ईद के दिन भी ठीक-ठाक कपड़े पहन सके।' सादिक के मन में बार-बार उस लड़के का ख्याल आ रहा था, '...क्या हम उसके लिए कुछ नहीं कर सकते? हमारा भी तो उनके प्रति कोई फर्ज है...।'

'क्या हुआ सादिक बेटे? तुम यहां अकेले क्यों बैठे हो?' अम्मी ने सादिक के कमरे में प्रवेश करते हुए पूछा। सादिक ने नजर उठाकर अम्मी को देखा फिर सिर झुका लिया, बोला कुछ नहीं।

अम्मी ने सादिक के उतरे चेहरे को देखते हुए कहा, 'चलो, सिंवइयां खा लो, मैंने निकाल कर रखी हैं।'

'नहीं अम्मी, अभी मेरा मन नहीं है।' सादिक धीरे से बोला।

'क्यों, क्या हुआ तुम्हें? कहीं बुखार-वुखार तो नहीं है?' सादिक की बात सुनकर अम्मी के माथे पर चिंता की लकीरें उभर आईं। 'नहीं अम्मी, ऐसी कोई बात नहीं है।' सादिक ने मुस्कुराने की कोशिश की, लेकिन मुस्कुरा नहीं सका।

'अच्छा, जाओ कुर्ता-पाजामा उतार कर पैंट-शर्ट पहन लो और दोस्तों के साथ घूम-फिर आओ। तुम्हारा मन बहल जाएगा।' कहती हुई अम्मी कमरे से बाहर चली गईं।

सादिक बेमन से उठा और कपड़े बदलने लगा। उसकी आंखों के आगे अब भी उसी लड़के की तस्वीर तैर रही थी। तभी अचानक उसे कहीं दूर से उसी लड़के की आवाज सुनाई पड़ी। वह लड़का पड़ोस वाले घर के सामने खड़ा अपनी बात दुहरा रहा था, 'बाबू जी! कुछ पैसे दे दो, हम भी खुशी मना लें।'

सादिक ने अलमारी से दस रुपए का नोट उठाया और सीधा बाहर की ओर भागा। उस लड़के के पास जाकर सादिक ने दस का नोट उसके हाथों में थमा दिया। दस रुपए का नोट पाकर उस लड़के का चेहरा खिल गया। सादिक भी उस लड़के की मदद करके मन ही मन बहुत खुश था। जाते-जाते उसने सादिक को सलाम किया। सादिक तब तक उसे देखता रहा, जब तक वह उसकी नजरों से ओझल नहीं हो गया। वह मुड़ने को था कि तभी किसी ने उसके कंधे पर हाथ रखा। उसने मुड़ कर देखा, सामने अब्बू खड़े थे। उनके हाथ में एक बड़ा-सा थैला था। उस थैले को देखकर सादिक को बड़ा आश्चर्य हुआ। उसने पूछा, 'इसमें क्या है अब्बू?'

'इसमें कपड़े और कुछ खाने-पीने की चीजें हैं।' अब्बू ने मुस्कुराकर जवाब दिया।

'लेकिन ये सब तो आप हमारे लिए पहले ही ले आए हैं। फिर ये क्यों?' सादिक ने अब्बू की तरफ देखते हुए पूछा।

'आओ मेरे साथ, तुम्हें खुद पता चल जाएगा।' कहकर अब्बू एक ओर चल पड़े।

सादिक की कुछ समझ में नहीं आ रहा था। वह चुपचाप अब्बू के साथ हो लिया। चार-पांच गलियों को पार करते हुए वे लोग एक ऐसी जगह पहुंचे, जहां पर तमाम झुग्गी-झोपड़ियां बनी हुई थीं। उनकी ओर इशारा करते हुए अब्बू बोले, 'सादिक बेटे, इनमें वे लोग रहते हैं, जिन्हें त्योहारों पर भी ढंग का खाना नसीब नहीं होता। हमारा फर्ज बनता है कि हम इनकी मदद करें। यह सामान इन्हीं लोगों के लिए है। लो, इसे अपने हाथों से बांट दो।'

सादिक ने गर्व से अब्बू की ओर देखा। उसके चेहरे की चमक दुगनी हो गई थी। वह ईद के चांद की तरह चमक उठा। *

तुम्हारे लिए नई किताब / विज्ञान भूषण

## दो मजेदार कहानियां

बच्चो, अभी कुछ समय पहले ही दो मजेदार कहानियों की चित्र पुस्तक 'उकड़ू उल्लू का चश्मा' छपकर आई है। इसमें पहली कहानी 'उकड़ू उल्लू का चश्मा' एक नन्हे उल्लू के सपने की कहानी है। वह नींद में सपना देखता है कि चश्मा पहनकर वह दिन की रोशनी देखने निकल पड़ता है। यह चश्मा उसे मंगू बंदर देता है। चश्मा पहनकर उसे कैसे मजेदार अनुभव होते हैं, यही इस कहानी में तुम पढ़ सकते हो।




किताब की दूसरी कहानी का शीर्षक 'गोलू बादल' है। यह एक नन्हे बादल की कहानी है, जो अपने बादलों के समूह से अलग हो जाता है। फिर वह हवा के झोंके के सहारे जंगल, नदी, पहाड़ों और एक स्कूल के ऊपर से गुजरते हुए खूब मजे करता है। जहां मन करता है अपनी बूंदें बरसा देता है। खास बात यह है कि ये कहानियां यहां तुम हिंदी के साथ-साथ अंग्रेजी में भी पढ़ सकते हो। *

**किताबः** उकड़ू उल्लू का चश्मा, **लेखिकाः** मीनू त्रिपाठी,
**मूल्यः** 220 रुपए, **प्रकाशकः** अद्विक पब्लिकेशन, दिल्ली

## हंसगुल्ले



**नैंसी** : ऐसा कौन-सा फूल है, जो होता तो है ! लेकिन दिखता नहीं है?
**नव्या (काफी देर सोचने के बाद)** : मुझे नहीं पता, तुम्हीं बता दो।
**नैंसी (हंसते हुए)** : अप्रैल फूल।
**-खुशबू, रायपुर**

**तन्नू** : ये लो, चॉकलेट खाओ।
**चुन्नू** : चॉकलेट! किस खुशी में?
**तन्नू** : आज तुम्हारा दिन है, इसलिए।
**चुन्नू** : लेकिन आज तो मेरा बर्थ-डे नहीं है। क्या है आज?
**तन्नू** : आज अप्रैल फूल-डे है।
**-मुस्कान, राजनांदगांव**

**सोनू** : क्या तुम जानते हो, सूरज रात को क्यों नहीं दिखाई देता है?
**मोनू** : तुम्हें इतना भी नहीं पता! एक्चुअली, दिन भर आसमान में घूम-घूमकर सूरज थक जाता है, इसलिए वह रात में सो जाता है।
**-कुमकुम, बिलासपुर**

## जीके क्विज-147

1. हाल में ही धरती पर लौटीं सुनीता विलियम्स कितने दिनों तक अंतरिक्ष में रहीं?
2. आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 विजेता टीम को बीसीसीआई ने कितनी राशि देने की घोषणा की है?
3. छत्रपति शिवाजी के पहले मंदिर का उद्घाटन कहां किया गया?
4. विश्व स्वास्थ्य दिवस प्रत्येक वर्ष कब मनाया जाता है ?
5. ऐतिहासिक इमारत चार मीनार किस शहर में स्थित है?
6. एक्स-रे का आविष्कार किसने किया था?
7. एनीमिया नामक रोग शरीर में किस तत्व की कमी से होता है?
8. 'पॉवर हाउस ऑफ सेल' किसे कहा जाता है?
9. यक्षगान कहां का लोकनृत्य है?
10. उज्जैन किस नदी के किनारे बसा है?



बच्चों, जीके क्विज-147 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-146 का उत्तर :** 1.शुभमन गिल, 2.स्टीव स्मिथ, 3.केरल, 4.फुटबॉल, 5.गैनिमीड, 6.समुद्रगुप्त, 7.मध्य प्रदेश, 8.खान अब्दुल गफ्फार खान, 9.ह्वांगहो नदी, 10.रांची

**जीके क्विज-146 का सही उत्तर देने वाले :** गुंजा-रायपुर, अथर्व-बिलासपुर, पलक-अटेली मंडी, होमन-ईमेल से, राकेश-बलौदा बाजार, शुभम-बलौदा बाजार, टामेंद्र-धमतरी, आराध्या-गरियाबंद, एकता-ईमेल से

## अंतर बताओ

बच्चो, यहां दिए गए दोनों चित्रों में एक शरारती चूहा रैट-ट्रैप से चीज निकालने की कोशिश कर रहा है। एक जैसे दिखने वाले इन दोनों चित्रों में पांच अंतर हैं। तुम्हें दो मिनट में ये सभी अंतर खोजकर बताने हैं। फटाफट सारे अंतर बताओ।



उत्तरः 1.चूहे के फेस पर दोनों तरफ पसीने की बूंद है। 2.चूहे के दाएं हाथ की अंगुली नहीं दिख रही है। 3.चूहे की पूंछ दिख रही है। 4.चीज पर कम बबल्स दिख रहे हैं। 5.रैट-ट्रैप की कड़ी का सामने वाला हिस्सा लाल है।

## मैथ्स पजल

बच्चो, नीचे दिए गए पजल को ध्यान से देखो और कैलकुलेट करके बताओ कि प्रश्न वाचक चिन्ह के स्थान पर कौन-सी संख्या आएगी?




उत्तर : 30

## खबर संक्षेप



### दुर्लभ सत्संग का भव्य समापन

**सिरसा।** श्री गीता प्रचार समिति की ओर से आयोजित किए जा रहे दुर्लभ सत्संग के अंतिम दिन स्वामी विजयानंद ने बताया कि भगवान की कथा में संसार क्या है, भगवान से मिलना ही सांसारिक विधि है। मनुष्य के चाहने से कुछ नहीं होता, भगवान वही करेंगे जो मनुष्य के हितकर होगा। लाभ-हानि मनुष्य के हाथ में कुछ नहीं है। जीना-मरना सब भगवान के हाथ में है। शास्त्रों के अनुसार भगवान जिस परिस्थिति में रखते हैं, वो स्थाई नहीं होती। अगर मनुष्य ज्यादा सुख में रहेगा तो भगवान को याद नहीं करेगा और दुख में रहेगा तो भगवान को जरूर याद करेगा।

### मेकओवर ब्यूटी पार्लर प्रशिक्षण केंद्र का शुभारंभ

**सिरसा।** भाजपा नेता भूपेश मेहता ने कंगनपुर रोड पर स्थित आर.बी. इंटरनेशनल संस्था द्वारा संचालित हरसिमरन मेकओवर ब्यूटी पार्लर प्रशिक्षण केंद्र का शुभारंभ किया। संचालिका दलजीत कौर ने बताया कि इस प्रशिक्षण केंद्र में महिलाओं और युवतियों को 45 दिन का विशेष प्रशिक्षण देकर उन्हें आत्मनिर्भर बनाया जाता है और प्रमाण पत्र वितरित किए जाते हैं। इस अवसर पर मुख्यातिथि भूपेश मेहता ने संचालिका दलजीत कौर सहित प्रशिक्षण प्राप्त कर रही युवतियों एवं महिलाओं को सर्टिफिकेट वितरण किए।

### फतेहाबाद और रतिया से दो मोटरसाइकिल चोरी

**फतेहाबाद।** जिले में वाहन चोरी की घटनाएं लगातार बढ़ रही है। गत दिवस चोरों ने फतेहाबाद और रतिया शहर से दो मोटरसाइकिल चोरी कर लिए। दोनों मामलों में सम्बंधित थानों में शिकायत दर्ज करवाई गई है। पहले मामले में शहर फतेहाबाद पुलिस को दी शिकायत में गांव भट्टू खुर्द निवासी गंगा राम ने कहा है कि गत दिवस वह अपने मोटरसाइकिल पर सवार होकर किसी काम से फतेहाबाद आया था। उसने अपने मोटरसाइकिल को लघु सचिवालय परिसर में खड़ा किया और अंदर काम पर चला गया। कुछ देर बाद जब वह वापस आया तो उसने देखा कि वहां से उसका मोटरसाइकिल गायब था। इस पर पहले उसने आसपास तलाश की लेकिन कुछ पता नहीं चला।

### नगराधीश ने बैंकिंग सुविधाओं की समीक्षा की

**फतेहाबाद।** नगराधीश गौरव गुप्ता की अध्यक्षता में आयोजित डीएलआरसी की बैठक में विभिन्न बैंकों के प्रतिनिधियों, नाबार्ड और अन्य वित्तीय संस्थानों के अधिकारियों ने भाग लिया। बैठक में जिला के बैंकों द्वारा सरकारी योजनाओं के तहत दी जा रही ऋण सुविधाओं व वित्तीय समावेशन तहत बैंकों की प्रगति की समीक्षा की गई। नगराधीश गौरव गुप्ता वीरवार को अपने कार्यालय में डीएलआरसी की बैठक की अध्यक्षता करते हुए बैंक प्रतिनिधियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक के दौरान नगराधीश ने विभिन्न बैंकों द्वारा प्रस्तुत प्रगति रिपोर्ट की समीक्षा की गई।

## आंगनबाड़ी वर्कर्स का दूसरे दिन पड़ाव जारी

# 3जी फोन देकर 5जी का काम ले रही है सरकार : वर्कर्स

जिलेभर से सैकड़ों कार्यकताओं ने धरने में हिस्सा लिया व सरकार के खिलाफ जताई नाराजगी प्रकट की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

फतेहाबाद जिले में बकाया मानदेय का भुगतान न करने व सरकार द्वारा दिए गए मोबाइल फोन में ऐप के सही ढंग से काम न करने से खफा आंगनबाड़ी वर्कर्स एवं हैल्पर्स द्वारा डीसी कार्यालय पर शुरू किया गया तीन दिवसीय पड़ाव वीरवार को दूसरे दिन भी जारी रहा। आज भी जिलेभर से सैंकड़ों आंगनबाड़ी वर्कर्स एवं हैल्पर्स धरने में शामिल हुई और सरकार के खिलाफ नाराजगी प्रकट की। वर्कर्स ने सीएम नायब सिंह सैनी से बेटियों की आवाज सुनने और उनकी समस्याओं का जल्द समाधान करने का भी आग्रह किया। आज के धरने की अध्यक्षता आंगनबाड़ी वर्कर्स एवं हैल्पर्स यूनियन की जिला प्रधान सुनीता झलनियां ने की और संचालन माया पूनियां ने किया। उन्होंने बताया कि 28 मार्च को भी वर्कर्स द्वारा डीसी कार्यालय पर पड़ाव डाला जाएगा। इसके बाद भी अगर प्रदेश सरकार ने उनकी मांगों को लेकर गंभीरता नहीं दिखाई तो यूनियन आंदोलन को तेज करने का फैसला लेगी।

धरने को संबोधित करते हुए आंगनबाड़ी वर्कर्स यूनियन की जिला प्रधान सुनीत झलनियां ने कहा कि सरकार 3जी फोन देकर वर्कर से 5जी काम ले रही है। मानदेय के नाम पर न के बराबर सैलरी देती है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा जो फोन दिए हैं, वह हैंग हो जाता है। उसमें फेस कैप्चर करना तो बहुत दूर की बात, फेस कैप्चर करते हुए ओटीपी इन-वैलिड बताता है।




**फतेहाबाद।** डीसी कार्यालय के बाहर प्रदर्शन करती आंगनबाड़ी वर्कर्स एवं हैल्पर्स। फोटो : हरिभूमि

#### उच्च कोटि के फोन या टैब दिए जाए

उन्होंने मांग की कि वर्कर को उच्च कोटि के फोन या टैब दिए जाएं। सिम और डाटा पूरा उपलब्ध करवाया जाए। वर्कर का 26 हजार न्यूनतम वेतन किया जाए। आंगनबाड़ी यूनियन की माया पूनियां, दमयंती व माया बैनीवाल ने आरोप लगाया कि सरकार द्वारा आंगनबाड़ी सेंटरों पर जो राशन भेजा जाता है वह उस दौरान भेजा जाता है जब उसकी एक्सपायरी डेट काफी नजदीक होती है, लेकिन सरकार द्वारा इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। आंगनबाड़ी वर्करों की तरफ से मांग की गई कि सरकार उन्हें कुशल और अर्ध कुशल श्रेणी में रखे। इसके अलावा सभी ने अपना न्यूनतम वेतन 26 हजार रुपए किए जाने की भी मांग की। उन्होंने कहा कि आंगनबाड़ी वर्करों को कभी मानदेय रोकने की तो कभी नोटिस निकालने जैसी तरह-तरह की धमकियां दी जा रही है। इसके अलावा कई सेंटरों में सीसीटीवी कैमरे लगाए जा रहे हैं, जिससे महिलाओं की व्यक्तिगत हानि होने की काफी आशंका है। पिछले आंदोलन के दौरान बर्खास्त आंगनबाड़ी वर्करों को पिछला काम करने की शर्त पर मानदेय देने की बात हुई थी, अब पिछला सारा काम कर दिया गया है। यमुनानगर, करनाल और सिरसा में मानदेय दिया गया है लेकिन फतेहाबाद में अभी तक हेल्पर और वर्कर का मानदेय नहीं दिया गया। इन्हें जल्द मानदेय का भुगतान किया जाए। धरने को सीटू के जिला कोषाध्यक्ष बेगराज के अलावा आंगनबाड़ी यूनियन से सावित्री देवी, इन्द्रो देवी, रजनी, सुनीला, शशिकला, ज्योति आदि ने भी संबोधित किया।

# दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण बांटे

- 320 दिव्यांगजनों की सहायता की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

जिला रेडक्रॉस सोसायटी सिरसा व एलीम्को मोहाली (पंजाब) द्वारा चौ. देवीलाल विश्वविद्यालय सिरसा (सीडीएलयू) के मल्टीपर्पज हाल में दूसरे दिन वीरवार को भी दिव्यांगजन उपकरण वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में भारतीय जनता पाटी के जिलाध्यक्ष यतिन्द्र सिंह एडवोकेट ने बतौर मुख्यातिथि तथा इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (आईओसीएल) फरीदाबाद के जनरल मैनेजर डेजी गोयल ने बतौर विशिष्ट अतिथि शिरकत की।



**सिरसा।** दिव्यांगजनों को उपकरण भेंट करते भाजपा जिलाध्यक्ष। फोटो : हरिभूमि

इस दौरान 320 दिव्यांगजनों को आईओसीएल ने सीएसआर के तहत लाभान्वित किया गया। लाभार्थियों को 4 लाख 71 हजार रुपये की लागत के 40 सहायक यंत्र व उपकरण वितरित किए गए। वहीं एलीम्को द्वारा निर्मित विभिन्न श्रेणी में सहायक यंत्र व उपकरण प्रदान किए गए। कार्यक्रम में 108 बैटरी वाली तिपहिया साइकिलें, 72 व्हील चेयर, 90 तिपहिया साइकिलें, 1 सुगमया कैन, 28 बैसाखी, 21 छड़ी, 2 रोलेटर, 72 श्रवण यंत्र, 3 सीपी चेयर और 12 कृत्रिम अंग एवं कैलिपर्स शामिल हैं।

### बस में महिला के कान से सोने की बाली छीनी

**फतेहाबाद।** भूना से बस में सवार होकर गांव बुवान जा रही महिला के कान से रास्ते में अज्ञात व्यक्ति ने सोने की बाली चोरी कर ली। इस बारे महिला के लडक़े ने पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई है। पुलिस को दी शिकायत में गांव बुवान निवासी रमेश कुमार ने कहा है कि उसकी माता वीरा बाई गत दिवस रिश्तेदारी में भूना आई हुई थी। जब वह भूना बस अड्डे से वापस गांव बुवान आ रही थी तो बस अड्डा भूना से गांव बुवान के बीच अज्ञात व्यक्ति ने उसकी माता के कान से सोने की बाली निकाल ली। जब उसकी माता को बाली चोरी होने बारे पता चला तो उसने पहले आसपास तलाश की लेकिन जब युवक बारे कुछ पता नहीं चला तो उसने पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई।

## लिव इन में रह रहे कपल पर हमला

### रिलेशनशिप के कागज बनवाने पर पति ने पीटा

**सिरसा।** शहर की चतरगढपट्टी में लिव इन में रह रहे युवक पर बृहस्पतिवार की सुबह महिला के पति ने हमला कर दिया। बीच बचाव करने आई महिला से भी मारपीट की गई। महिला के पति ने युवक और पत्नी पर डंडों से हमला कर घायल कर दिया। इस दौरान महिला और युवक को हाथ और पांव पर गहरी चोट आई है। बताया जा रहा है कि लिव इन में रह रहे युवक और महिला ने रिलेशनशिप के लिए कागज बनवाने की तैयारी कर रखी थी। इसकी भनक महिला के पति को लग गई। इस वजह से उसने तश में आकर युवक पर हमला कर दिया। इसकी सूचना पुलिस को दी गई। इसके बाद महिला थाना मौके पर पहुंची। तब तक महिला का पति वहां से फरार हो गया। इसके बाद एम्बुलेंस के जरिए घायल युवक और महिला को नागरिक अस्पताल में पहुंचाया। अस्पताल में दाखिल घायल युवक प्रवीण ने बताया कि वह और उक्त महिला एक साथ चार साल से रिलेशनशिप में हैं। पिछले एक साल से वह चत्तरगढ़ में महिला के साथ उसके घर पर रह रहा था। इससे पहले कुलदीप ने उसके साथ बहस की थी, पर मारपीट नहीं हुई। बृहस्पतिवार को वह चत्तरगढ़पट्टी में घर पर अकेला सोया हुआ था। उस दौरान कुलदीप आया और आते ही उसके हाथ पर डंडों से हमला कर दिया। इसमें उसे हाथ और पांव पर चोट आई है। महिला ने बताया कि उसकी करीब 20 साल पहले सिरसा के सुरेवाला निवासी कुलदीप के साथ शादी हुई थी।

## जिले में सरसों की अब तक 120 मीट्रिक टन हुई आवक

**फतेहाबाद।** उपायुक्त मनदीप कौर ने बताया कि हरियाणा सरकार द्वारा सरसों की सरकारी खरीद जारी है, जिसको लेकर मंडियों में व्यापक प्रबंध किए गए है। भूना की अनाज मंडी में बुधवार शाम तक 139.1 मीट्रिक टन क्विंटल सरसों की आवक हुई है। अभी तक आई 139.1 मीट्रिक टन में से 120 मीट्रिक टन सरसों की आवक को खरीद लिया गया है। मंडी में किसानों के शौचालय, पीने के पानी तथा फसलों के लिए शैड की उचित व्यवस्था की है। उपायुक्त ने किसानों से मंडी में फसलों को तयमानकों के अनुरूप लाने की अपील की है।

#### दिए निर्देश

उन्होंने कहा कि मंडियों में दुरुस्त व्यवस्था बनाने के लिए अधिकारी दौरा कर रहे हैं और सभी अधिकारियों को जल्द से जल्द मंडियों से उठान करने के निर्देश भी दिए गए हैं ताकि आढ़तियों-किसानों और मजदूरों को किसी भी तरह की परेशानी न हो सके। उन्होंने कहा कि मौसम परिवर्तनशील है, इसलिए मौसम को देखते आढ़तियों और किसानों को तिरपाल लाने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि मंडी में फसल लाने वाले किसानों के लिए शैड के नीचे बिजली पानी और शौचालय की उचित व्यवस्था की गई है।

# अवैध रूप से शराब बेचने पर होगी कार्रवाई: एसपी

- एसपी ने शराब ठेकेदारों की ली बैठक, दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

पुलिस अधीक्षक विक्रांत भूषण ने कहा कि लाइसेंस की आड़ में अपने निजी फायदे के लिए शराब ठेकेदार किराए की दुकानों, होटलों व ढाबों पर शराब बेचते हैं, जिस कारण असामाजिक तत्व भी अवैध रूप से शराब बेचने लगते हैं। लाइसेंसशुदा दुकानों के अलावा अवैध रूप से शराब बेचते पाए गए तो शराब ठेकेदारों पर कार्रवाई की जाएगी। एसपी विक्रांत भूषण वीरवार को शराब ठेकेदारों की बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सुरक्षा की दृष्टि से विशेष सावधानी बरतें ताकि भविष्य में किसी तरह की आपराधिक घटना की पुनरावृत्ति हो। उन्होंने कहा कि जिला पुलिस अवैध रुप से शराब के खुर्दे चलाने वालों तथा हथकड़ शराब निकालने वालों के खिलाफ लगातार दबिश दे रही है। उन्होंने कहा कि आमजन में सुरक्षित, स्वस्थ और सौहार्दपूर्ण सामाजिक वातावरण प्रदान करने के लिए पुलिस कटिबद्ध है।



**सिरसा।** शराब ठेकेदारों के साथ बैठक करते एसपी विक्रांत भूषण।

#### कार्रवाई की जाएगी

एसपी ने शराब ठेकेदारों से कहा कि लोगों का जीवन बहुमूल्य है, किसी की भी जिंदगी के साथ खिलवाड़ नहीं करने दिया जाएगा। आमजन की जान व माल की सुरक्षा करना पुलिस का परम दायित्व है। ठेकेदार शराब ठेकों के आस-पास भीड़ इकट्ठी न होने दें, पुलिस की पीसीआर व राईडर 24 घंटे लगातार गश्त पर रहेंगे यदि ठेकों के आसपास भीड़ नजर आई तो संबंधित ठेकेदार के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। शराब ठेकेदारों अपने परिसर में अच्छी क्वालिटी के सीसीटीवी कैमरे लगवाना सुनिश्चित करें ताकि किसी प्रकार की आपराधिक घटना होने पर पुलिस सीसीटीवी की फुटेज से अपराधियों का पता लगा सके।

### सेवाभाव बिना जीवन निरर्थकः भांभू

**सिरसा।** राजकीय महिला महाविद्यालय में चले साप्ताहिक कैंप के समापन अवसर पर सेवानिवृत एसोसिएट प्रो. डॉ. सरजीत सिंह भांभू बतौर मुख्यातिथि शामिल हुए। डॉ. सरजीत सिंह भांभू ने एनएसएस विद्यार्थियों को सेवाभाव पर संबोधित करते हुए कहा कि सेवा का भाव व्यक्ति को जीवन में सर्वाधिक आत्म संतोष प्रदान करने के साथ साथ खुद का मोटिवेशन अथवा आत्मप्रेरणा का भाव जागृत भी करता है। सेवा का भाव व्यक्ति को नेतृत्व करने की क्षमता प्रदान करता है। सेवाभाव से प्रेरित व्यक्ति अच्छे लीडर बनकर सामने आते हैं और समाज के अन्य लोगों के लिए भी प्रेरणा का स्त्रोत बन जाते हैं।

## अच्छे संस्कार देना शिक्षक का फर्ज : मिथलेश

- मंच संचालन शिक्षक भारत गोयल ने किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

रतिया खंड के गांव अहरवां में स्थित राजकीय मॉडल संस्कृति प्राथमिक विद्यालय में कक्षा पांचवी के छात्र-छात्राओं के लिए 'शुभ आशीष' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कनिष्ठ विद्यार्थियों द्वारा कक्षा पांचवी के अपने वरिष्ठ साथियों की विदाई के अवसर पर किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विभाग के मोटीवेटर मास्टर मिथिलेश रोहिल्ला ने शिरकत की। विद्यालय के मुखिया देवेंद्र दहिया द्वारा कार्यक्रम की अध्यक्षता की गई। मंच संचालन शिक्षक भारत गोयल ने किया। कार्यक्रम में कनिष्ठ बालक बालिकाओं ने मुख्य अतिथि, शिक्षकों एवं अपने वरिष्ठ साथियों को तिलक लगाकर और पुष्प वर्षा से स्वागत किया कार्यक्रम में वरिष्ठ व कनिष्ठ बालक बालिकाओं ने सांस्कृतिक, प्रेरक और उत्साहवर्धक प्रस्तुतियां दी। मुख्य अतिथि मिथलेश रोहिल्ला ने अपने सम्बोधन में कहा कि बच्चों को अच्छे संस्कार देना प्रत्येक शिक्षक का नैतिक फर्ज बनता है। विदाई लेने वाले छात्र छात्राओं को निरंतर प्रयासरत रहते हुए भविष्य में सद नागरिक बन देश की उन्नति में सहयोग देना चाहिए। मुख्य शिक्षक देवेंद्र दहिया ने बच्चों को पढ़ लिख कर भविष्य में सफल होने व बड़ा नेक इंसान बनने का आशीर्वाद दिया।



**फतेहाबाद।** अहरवां में अपनी साथियों को तिलक लगाती बालिकाएं।

### महिला से जबरदस्ती मांगा नंबर, केस दर्ज

**रतिया।** जिले के गांव एमपी सोत्तर की रहने वाली एक महिला ने गांव के ही एक युवक पर उसका पीछा कर उसे रास्ते में रोकने और जबरदस्ती दोस्ती करने के लिए दबाव बनाने का मामला सामने आया है। महिला रतिया में एक सैलून पर काम करती है। मोबाइल नंबर मांगने युवक उसके सैलून पर भी पहुंच गया। बार-बार हरकतों से तंग आकर महिला ने पुलिस को शिकायत दी। इस बारे रतिया पुलिस ने महिला की शिकायत पर आरोपी युवक के खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस को दी शिकायत में रतिया क्षेत्र के गांव एमपी सोत्तर निवासी महिला ने बताया है कि वह रतिया शहर में मेकओवर सैलून में काम करती है।

# नामांकन अभियान का शुभारंभ

- सरकारी स्कूल में दाखिले को लेकर चलाया जोरदार अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

इस बार सरकारी स्कूलों में अधिक से अधिक दाखिलों को साकार करने में अपनी अहम भूमिका निभाते हुए शहर के प्रसिद्ध राजकीय मॉडल संस्कृति प्राथमिक विद्यालय चतरगढ़ पट्टी में नामांकन अभियान का शुभारंभ किया गया। इस अभियान को हरी झंडी दिखाने के लिए शिक्षा विभाग से जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी बूटा राम, खंड शिक्षा अधिकारी कृष्ण कुमार, स्कूल प्राचार्य राम अवतार शर्मा, वार्ड नंबर 1 से पार्षद आरती रंगा, पूर्व पार्षद राजेन्द्र कुमार, विद्यालय मुखिया बंसी लाल झोरड़ उपस्थित रहे। इसके बाद स्टाफ व बच्चों ने प्रेमनगर व चतरगढ़पट्टी में जोरदार नारे लगाते हुए घर-घर जाकर अधिक से अधिक दाखिले करवाने के लिए प्रेरित किया। इस अभियान को लेकर स्टाफ व बच्चों में काफी उत्साह देखने को मिला। प्रवेश उत्सव अभियान के लिए अनाऊंसमेट करने के लिए एक रिक्शा भी लगाया गया है। इसके साथ ही विद्यालय में कर्सिव राइटिंग सिखाने के लिए कक्षाएं भी लगाई जा रही है। अधिकारियों ने कर्सिव राइटिंग सीख रहे बच्चों को प्रोत्साहित करते विद्यालय प्रबंधन व समस्त स्टाफ की भूरि-भूरि प्रशंसा की।



**सिरसा।** नामांकन अभियान का शुभारंभ करते डीईईओ। फोटो : हरिभूमि

## खिलाड़ियों को उपलब्ध करवाया हॉकी का सामान



**सिरसा।** राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में खेलों को बढ़ावा देने के के लिए प्रधानाचार्य मदन मलिक ने हॉकी की टीम हाकी का समान प्रदान किया। विद्यालय के शिक्षक चमन भारतीय ने बताया कि विद्यालय ने 2022-23 के अंतर्गत विद्यार्थियों ने अंडर-19 राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लिया और बॉयज की टीम ने गोल्ड मेडल प्राप्त किया। इसी विद्यालय की दो लड़कियों ने राष्ट्रीय स्तरीय हॉकी प्रतियोगिता भाग लेकर टीम ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। प्रधानाचार्य मदन मलिक ने कहा कि खेलों से बच्चों का सर्वांगीण विकास ही नहीं होता, बल्कि इनमें खेल भावना और आपसी भाईचारा बढ़ता है।

**कार्यक्रम** एमएम कॉलेज में स्वच्छता पर वर्कशॉप का किया आयोजन

# स्वच्छ भारत मिशन में सफाई कर्मचारी ही सच्चे स्वच्छता प्रहरी : श्रवण राम

युवा कार्यकम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार ने किया कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

युवा कार्यकम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के अंतर्गत आने वाले क्षेत्रीय निदेशालय, एनएसएस नई दिल्ली द्वारा एमएम कॉलेज में 'स्वच्छता' विषय पर एक दिवसीय वर्कशॉप का आयोजन किया गया। कॉलेज की एनएसएस यूनिट व यूथ रेडक्रास के सहयोग से आयोजित कार्यक्रम में वर्चुअल मोड से युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के रीजनल डायरेक्टर श्रवण राम व मनोज कुमार ने भी अपने विचार रखे। कार्यक्रम के मुख्यअतिथि डॉ. राजेश मेहता, पूर्व जिला उच्चतर शिक्षा अधिकारी, फतेहाबाद रहे वहीं विशिष्ट अतिथि के तौर पर एमएम एजुकेशन सोसायटी के वरिष्ठ सदस्य सुदर्शन बत्रा, स्वच्छता अभियान के सिटी टीम लीडर कुमार सौरभ ने भाग लिया। इस कार्यक्रम की विशेष बात यह रही कि कॉलेज में 'स्वच्छता प्रहरी' की भूमिका निभा रहे कर्मचारियों को मंच पर सम्मान दिया गया और उनके कार्यों की सराहना की गई। इन कर्मचारियों में मुख्य रूप से कॉलेज के स्वीपर दीपक कुमार, शम्मी, सोहन लाल, राज रानी, मनीषा रानी, भूप सिंह, गोपाल शामिल रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे कॉलेज प्राचार्य डॉ. गुरचरण दास ने युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के रीजनल डायरेक्टर श्रवण कुमार व मनोज कुमार, स्टेट एनएसएस ऑफिसर दिनेश कुमार शर्मा का आभार व्यक्त किया। डॉ. मीनाक्षी कोहली की देखरेख में आयोजित इस वर्कशॉप में एनएनएस वॉलंटियर्स ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और स्वच्छता अभियान को लेकर जन-जन को जागरूक करने का संकल्प दोहराया। मंच संचालन हिन्दी विभाग से डॉ. सुमंगला वशिष्ठ ने किया।



**फतेहाबाद।** एमएम कॉलेज में आयोजित स्वच्छता वर्कशॉप में स्वच्छता प्रहरी कर्मचारियों को सम्मानित करते अतिथिगण। फोटो : हरिभूमि

#### कार्यक्रम को किया संबोधित

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि डॉ. राजेश मेहता ने कहा कि स्वच्छता आज एक जन अभियान बन चुका है। स्वच्छ भारत मिशन को सफल बनाना हमारी जिम्मेदारी है क्योंकि यह हमारे राष्ट्र के प्रति भी एक जिम्मेदारी है। गणित विभागाध्यक्ष डॉ. विजय गोयल ने आए हुए अतिथियों का धन्यवाद किया। कार्यक्रम के अंत में संगीत विभाग के विद्यार्थियों ने हरियाणवीं गीत की भी प्रस्तुति दी। वर्कशॉप के आयोजन में एसएस मल्होत्रा, अनु जिंदल, प्रो. तारिका, प्रो. राजदीप, डॉ. भारती शर्मा, प्रो. वंदना, प्रो. अमिति, प्रो. श्रुति, प्रो. साहिल, प्रो. सलोनी, प्रो. नितिन, प्रो. रश्मि, शालू व पूजा का विशेष सहयोग रहा।

## खबर संक्षेप

### 31 को रात 12 बजे तक खुले रहेंगे ट्रैजरी ऑफिस

**फतेहाबाद।** उपायुक्त मनदीप कौर ने कहा है कि वर्तमान वित्त वर्ष 2024-25 के 31 मार्च को समापन के दृष्टिगत ट्रैजरी कार्यालय व सरकारी कार्यालयों के लेनदेन से संबंधित सभी बैंकों को 31 मार्च को रात्रि 12 बजे तक जनहित में खोलने के आदेश जारी किए है। यह आदेश पीएफआर खंड 1 भाग 1 नोट 5 के नियम 3.40 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए जारी किए गए है।

### डीजे संचालकों ने एसडीएम से मांगी राहत

**फतेहाबाद।** प्रशासन द्वारा रात 10 बजे के बाद डीजे न बजाने देने को लेकर की गई सख्ती से डीजे संचालकों में रोष बढ़ता जा रहा है। बुधवार को जहां शहर थाना प्रभारी ओमप्रकाश बिश्नोई ने डीजे संचालकों की बैठक लेकर उन्हें सख्त निर्देश दिए थे वहीं इसके बाद आज वीरवार को खफा डीजे संचालक एसडीएम राजेश कुमार से मिलने पहुंचे।

### आर्य समाज द्वारा ऋग्वेद पारायण यज्ञ आज से

**फतेहाबाद।** आर्य समाज के स्थापना दिवस के 150वें वर्ष के उपलक्ष्य में आर्य समाज फतेहाबाद द्वारा ऋग्वेद पारायण यज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। 28 से 30 मार्च तक सुंदर नगर स्थित आर्य समाज भवन में ऋग्वेद पारायण यज्ञ का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी देते हुए आर्य समाज फतेहाबाद के प्रधान अरूण ग्रोवर आर्य व सचिव डॉ. राजवीर शास्त्री ने बताया कि 28 मार्च शुक्रवार को यज्ञ हवन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ होगा।

### अप्रेंटिसशिप के लिए के लिए मांगे आवेदन

**फतेहाबाद।** हरियाणा सरकार के अधीन सभी विभागों, बोर्ड, कॉरपोरेशन एवं निगमों आदि के कार्यालयों में अप्रेंटिस एक्ट, 1961 के तहत ट्रेड अप्रेंटिस लगने के लिए आईटीआई पास इच्छुक उम्मीदवार पोर्टल पर अपना ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन कर इस पोर्टल पर रजिस्टर्ड कार्यालयों में अप्रेंटिस लगने हेतू पोर्टल के माध्यम से आवेदन कर सकेंगे।

### 15 किलो डोडापोस्त सहित एक को पकड़ा

**डबवाली।** पुलिस ने व्यक्ति को 15 किलो 85 ग्राम डोडापोस्त सहित काबू किया है। आरोपी की पहचान बलदेव सिंह पुत्र रामसिंह निवासी पन्नीवाला रुलदू के रूप में हुई है। इस संबंध में प्रभारी सीआईए डबवाली राजपाल ने बताया कि एएसआई प्रीतम के नेतृत्व में एक टीम गांव पन्नीवाला रुलदू में मौजूद थे। उसी दौरान आरोपी को गिरफ्तार किया।

### मोटरसाइकिल सवार हेरोइन सहित काबू

**सिरसा।** एंटी नारकोटिक्स सेल सिरसा पुलिस ने गश्त व चैकिंग के दौरान घंटाघर चौक क्षेत्र से बाइक सवार युवक को 8 ग्राम 16 मिलीग्राम हेरोइन सहित गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान पवन कुमार पुत्र राजकुमार निवासी जंडीवाली गली रानियां रोड सिरसा के रुप में हुई है।

### सीडीएलयू में प्लेसमेंट ड्राइव आयोजित

**सिरसा।** चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल के सौजन्य से वीरवार को कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव आयोजित की गई। ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट के डायरेक्टर डॉ. सुनील कुमार ने बताया कि सिरसा की एक निजी कंपनी ने एमबीए विभाग के बीस विद्यार्थियों ने इस ड्राइव में भाग लिया।

### हरियाणा रोडवेज जागृति मंच की बैठक 31 को

**फतेहाबाद।** कर्मचारियों की मांगों और समस्याओं को लेकर हरियाणा रोडवेज जागृति मंच के फतेहाबाद डिपो कमेटी की मीटिंग 31 मार्च सोमवार को दोपहर साढ़े 12 बजे पुराना बस स्टैंड (वर्कशॉप) यूनियन कार्यालय में होगी। यह जानकारी देते हुए संगठन के डिपो प्रधान अनिल खटक ने दी।

---

### रोडवेज कर्मी बोले : बस रोकने का कोई निर्देश नहीं

# कॉलेज के बाहर बस न रोकने पर विद्यार्थियों ने किया रोड जाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶रतिया

फतेहाबाद-रतिया रोड स्थित गांव अहरवां में कॉलेज के बाहर रोडवेज बस न रूकने से खफा विद्यार्थियों और स्टाफ सदस्यों ने रतिया में बस का घेराव कर लिया। विद्यार्थियों का कहना था कि बस चालक मनमानी करते हैं और आज भी उन्हें कॉलेज के बाहर उतारने की बजाय रतिया ले आए।



रतिया। बस का घेराव कर रोष कर रहे विद्यार्थियों को समझाते पुलिस कर्मचारी।

#### बस को घेरा

खफा विद्यार्थियों ने रतिया में संजय गांधी चौक पर बस का घेराव करते हुए जाम लगा दिया और रोष जताया। जाम की सूचना मिलते ही रतिया पुलिस की टीम मौके पर पहुंच गई और विद्यार्थियों से बातचीत की। मौके पर पहुंचे रतिया बस अड्डा इंचार्ज पवन कुमार ने विद्यार्थियों आश्वासन दिया कि उनकी समस्या के बारे में रोडवेज जीएम को अवगत करवाकर इसका समाधान करवाया जाएगा। इसके बाद ही विद्यार्थी शांत हुए और जाम खोला।

#### मनमानी का आरोप

इसके बाद रोडवेज बस रतिया से चंडीगढ़ के लिए रवाना हुई। हालांकि, काफी देर तक बस खड़ी रहने के कारण टाइम भी मिस हुआ है। रतिया के संजय गांधी चौक पर रोष जताते हुए डॉ. सुधीर खन्ना ने कहा कि वह गांव अहरवां स्थित निजी कॉलेज के प्रिंसिपल है। वह रोजाना बस से कॉलेज आते हैं। अधिकतर रोडवेज बसें कॉलेज के बाहर विद्यार्थियों व स्टाफ सदस्यों को उतार देती है लेकिन कुछ बस चालक लंबे रूट की बस बताकर मनमानी करते हैं और कॉलेज के बाहर बसों को नहीं रोकते। आज भी चण्डीगढ़ जा रही बस चालक ने उन्हें कॉलेज के बाहर नहीं उतारा और उन्हें रतिया ले आया। प्रिंसिपल डा.सुधीर खन्ना ने कहा कि अहरवां कॉलेज के आगे बस स्टॉप बना हुआ है, वहां सवारियों को उतारने के लिए डीसी ने भी ऑर्डर किए हुए हैं। इसके बावजूद कंडक्टर-ड्राइवर मनमानी करते हैं। रोष जता रहे छात्रों ने कहा कि वह रोजाना फतेहाबाद से चंडीगढ़ रूट की बस में सवार होकर कॉलेज आते हैं। अधिकांश बसों के ड्राइवर-कंडक्टर उन्हें कॉलेज के आगे ही उतारते हैं। मगर हफ्ते में एक या दो दिन ऐसे ड्राइवर-कंडक्टर आते हैं, जो कॉलेज के आगे उतारने में आनाकानी करते हैं। गुरुवार को भी ऐसा ही हुआ है। अहरवां कॉलेज के बाहर छोडऩे के बजाय कंडक्टर-ड्राइवर ने रतिया शहर के बस अड्डे पर लाकर उतार दिया। इससे नाराजगी जाहिर करते हुए स्टूडेंट्स व स्टाफ सदस्यों ने कंडक्टर-ड्राइवर के प्रति रोष जताया है।

#### ये बोले कर्मचारी

रोडवेज बस कंडक्टर संदीप कुमार ने कहा कि उनके पास ऑर्डर है कि अमृतसर-चंडीगढ़ लंबे रूट की बसें अहरवां बस स्टैंड पर ही रूकेंगी। अहरवां में कॉलेज 100 मीटर पीछे है। अहरवां से पटियाला-चंडीगढ़ की सवारी होती है, वह स्टूडेंट्स की वजह से चढ़ नहीं पाती हैं। टाइम मिस करके उनके सरकारी कार्य में बाधा डाली गई है।

---

# दूरभाष निर्देशिका का किया विमोचन

- एसपी ने किया अग्रवाल सभा के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पहुंचीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶फतेहाबाद





फतेहाबाद। अग्रवाल सभा की दूरभाष निर्देशिका का विमोचन करती एसपी आस्था मोदी।

अग्रवाल सभा द्वारा संचालित सिरसा रोड स्थित महाराजा अग्रसेन स्कूल में वार्षिक परीक्षा परिणाम के अवसर पर अग्रवाल सभा द्वारा सदस्यों की रंगीन फोटो युक्त दूरभाष निर्देशिका का विमोचन एसपी आस्था मोदी द्वारा किया गया। स्कूल प्रांगण में पहुंचने पर एसपी आस्था मोदी का अग्रवाल सभा के अध्यक्ष सुभाष गर्ग, संरक्षक देवी दयाल तायल, सदगुरु अपना घर के प्रमुख सेवक विनोद तायल सहित सभी पदाधिकारीयों व सदस्यों ने उनका स्वागत किया। इस अवसर पर सभा उपप्रधान सुरेश बंसल, सहसचिव नितिन मोदी, उपसचिव मुरारी लाल गोयल, कैशियर दलीप गोयल व दूरभाष निर्देशिका के प्रोजेक्ट चेयरमैन सुशील बंसल, सह चेयरमैन मुकेश बंसल, राजेश जैन व अग्रवाल सभा के करीब 150 सदस्य मौजूद रहे। एसपी आस्था मोदी ने विमोचन के उपरांत कहा कि अग्रवाल समाज हमेशा समाज में अपना अग्रणीय स्थान रखता है। अगर व्यक्ति को अपने जीवन में आगे बढऩा है तो कठिन परिश्रम करना होगा। उन्होंने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में महाराजा अग्रसेन स्कूल फतेहाबाद जिले में दिन दौगुनी रात चौगुनी कर रहा हैं। मंच संचालन कर रहे सुशील बंसल ने कहा कि ये पहली बार अग्रवाल सभा की दूरभाष निर्देशिका बनी है।

# थेहड़ को लेकर सैलजा ने केंद्रीय मंत्री को लिखा पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶सिरसा

सिरसा की सांसद कुमारी सैलजा ने सिरसा थेहड़ को लेकर केंद्रीय मंत्री पर्यटन और कला संस्कृति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत को पत्र लिखकर अनुरोध किया है कि इस थेहड़ के सही क्षेत्रफल के लिए फिर से सर्वे करवाया जाए क्योंकि जिस क्षेत्र पर पुरातत्व विभाग दावा कर रहा था वह कब्जा मुक्त करवाकर पुरातत्व विभाग को सौंप दिया गया है। इस भूमि का गलत आंकलन करने से थेहड़ के आसपास रह रहे लोगों पर बेघर होने की तलवार लटकी हुई है। साथ ही गलत रिपोर्ट देने वालों पर भी कार्रवाई की जाए ताकि उनकी गलती से लोगों को मानसिक परेशानी से जूझना न पड़े। कुमारी सैलजा ने मंत्री को लिखे पत्र में कहा है कि उनके संसदीय क्षेत्र के सिरसा नगर में प्राचीन थेहड़ है, जो पुरातत्व विभाग 85.5 एकड़ क्षेत्र पर दावा कर रहा है जो आधिकारिक राजपत्र अधिसूचना में अधिसूचित नहीं है, जिसके लिए भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण संरक्षित स्मारक होने के नाते कथित अनधिकृत कब्जाधारियों को हटाने के लिए उच्च न्यायालय में संघर्ष कर रहा है। प्रारंभ में, साइट का कोई सीमांकन नहीं था।

### अल्ट्रासाउंड के लिए आरसीएच आईडी जरूरी

**सिरसा।** गर्भवती महिलाओं को अब अल्ट्रासाउंड करवाने के लिए आरसीएच आईडी अनिवार्य है। अगर किसी गर्भवती महिला ने यह पंजीकरण नहीं करवाया है तो अल्ट्रासाउन्ड करवाने में बाधा आ सकती है। जिले में संचालित अल्ट्रासाउन्ड केंद्रों पर बगैर आरसीएच नंबर के गर्भवती का अल्ट्रासाउंड नहीं होगा। मुख्य अतिथि डॉ. विरेश भूषण व सिविल सर्जन डॉ. महेंद्र भादु ने आयोजित वर्कशाप में पीसी-पीएनडीटी एक्ट के बारे में बताया और एक्ट की पालना के बारे में दिशा-निर्देश भी दिए। जिला नोडल अधिकारी डॉ. साकेत कुमार ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा गर्भवती महिलाओं के लिए आरसीएच आईडी व एमसीटीएस नंबर अनिवार्य कर दिया गया है।

---





### रैकेटबॉल के क्षेत्र में सिरसा ने रचा नया इतिहास

**सिरसा।** जिला में पहली बार रैकेटबॉल कोर्ट की स्थापना के साथ ही राष्ट्रीय रैकेटबॉल चैंपियनशिप का भव्य शुभारंभ हुआ। यह ऐतिहासिक आयोजन द माउंट स्कूल सूरतिया में हुआ। इस आयोजन ने न केवल हरियाणा में, बल्कि पूरे उत्तर भारत में रैकेटबॉल को एक नई पहचान दिलाने का मार्ग प्रशस्त किया है। इस विशेष अवसर पर अमेरिका से दो विश्व प्रसिद्ध खिलाड़ी भारत पधारे, जिन्होंने भारतीय खिलाडियों को प्रशिक्षण देकर इस खेल को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने में योगदान दिया। रैकेटबॉल राष्ट्रीय चैंपियनशिप के उद्घाटन समारोह में भाजपा की जिला डबवाली की नवनिर्वाचित जिलाध्यक्ष रेणू शर्मा ने किया। रेणू शर्मा ने कहा कि खेल जीवन का अभिन्न हिस्सा हैं, जो न केवल शारीरिक विकास में मदद करते हैं, बल्कि मानसिक विकास और समाजिक एकजुटता के लिए भी जरूरी हैं। समारोह में वरिष्ठ अतिथि के रूप में स्वामी रमेश साहुवाला, कंचन कटारिया मिसेज इंडिया-2019 और डॉ. पीयूष शर्मा उपस्थित रहे।

# मौसम का मिजाज होने लगा गर्म

- बढ़ रहा दिन-रात का तापमान, पारा 38 डिग्री तक पहुंचा, हवाएं चलने से मिलेगी राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶फतेहाबाद





फतेहाबाद। गर्मी से बचने का प्रयास करती युवतियां। फोटो : हरिभूमि

मार्च महीने के अंतिम दिनों में मौसम के गर्म मिजाज ने लोगों के पसीने छुड़वाने शुरू कर दिए हैं। दिन के साथ रात का पारा भी चढऩे लगा है। पिछले कई दिनों से अलसुबह पड़ रही ठंड अब मद्म पड़ती जा रही है। हालात इस कदर है कि दिन में तेज धूप से पसीने छूट रहे हैं और रात को गर्म हवाओं के झोंके नींद में खलल डाल रहे हैं। मौसम विभाग का मानना है कि 29 मार्च को मौसम एक बार फिर से करवट ले सकता है। विभाग द्वारा शनिवार को आसमान में बादलों के साथ बूंदाबांदी की संभावना जताई जा रही है। आसमान साफ रहने के कारण सुबह से ही तेज धूप मौसम गर्म बना रही है। वीरवार को अधिकतम तापमान 4 डिग्री सेल्सियस बढक़र 37 डिग्री पर पहुंच गया। इस सीजन में पहली बार अधिकतम तापमान इस स्तर पर पहुंचा है। रात का तापमान भी एक डिग्री बढक़र 19 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। अभी तक रात के समय मौसम ठंडा बना रहता था, परंतु दो दिन से रात का तापमान भी बढ़ रहा है। तापमान सामान्य से 5 डिग्री ज्यादा माना जा रहा है, जिस कारण इस बार मार्च के अंत में ही गर्मी बढ़ गई है।





# बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान रंधाना में किया जागरूक

**चोपटा।** महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा गांव रंधाना, रामपूरा ढिल्लों, बकरियांवाली में बेटी बचाओ और बेटी-पढ़ाओ अभियान के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें सैल्फी-वाईट, कुआं पूजन, जन्मदिन उत्सव एवम शपथ समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान महिलाओं को सरकारी योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी गई। गांव रंधावा में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम की अध्यक्षता सरपंच सुभाष सिंह और महिला पंच सरिता ने की। इस प्रोग्राम के तहत बेटियों के साथ सैल्फी-वाईट, कुआं पूजन, जन्मदिन उत्सव एवम एक शपथ का आयोजन किया गया। इस दौरान अवसर सुपरवाईजर सुनैना ने उपस्थित महिलाओं को सरकारी योजनाओं की जानकारी दी। इस मौके पर उर्मिला, अमृतपाल, पूना, प्रीती, स्नेहा अलका,अन्यना, तारावती, सुमन ,मनु आदि महिलाएं उपस्थित रही। गांव बकरियावाली में महिला एव बाल विकास विभाग की तरफ से बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत एक कार्यक्रम आंगनवाडी केन्द्र में करवाया गया।

---

# 'इतनी कृपा सांवरे बनाए रखना'

- श्री श्याम दिवाने परिवार की ओर से श्री श्याम संकीर्तन का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶फतेहाबाद



फतेहाबाद। अतिथियों को सम्मानित करते श्री श्याम दिवाने परिवार के सदस्य।

श्री श्याम दिवाने परिवार डीएसपी रोड की ओर से श्री श्याम संकीर्तन का आयोजन किया गया। संस्था सदस्य अमित दुरेजा ने बताया कि कार्यक्रम में दी वायस आफ इंडिया के विजेता मुम्बई से सुमित सैनी ने 'इतनी कृपा सांवरे बनाये रखना, राधे रानी कृपा कीजिये, हमारे दो ही रिश्तेदार, बाबा की कृपा जिसपर हो जाए' अपने भजनों से संगत को निहाल किया। इसके अलावा मोना मेहता ने 'नी में नाचना श्याम दे नाल, तेरी कृपा हो श्याम मेरे पे तेरी कृपा हो गई', मुकेश राही ने गणेश वंदना के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया अपने भजनों से बाबा का गुणगान करेंगे।

मंच संचालन राजू मदान द्वारा किया जाएगा। बब्बू म्यूजिकल ग्रुप द्वारा अपनी सेवाएं दी गई। विकास गांधी ने बताया कि संकीर्तन में बाबा का भव्य दरबार देखने योग्य होगा तथा छप्पन भोग व सवामणि का भोग भी लगाया गया।

### सट्टेबाजी करने वालों पर कार्रवाई की मांग

**फतेहाबाद।** जुआ और सट्टे के कारण प्रदेश में बर्बाद हो रहे लाखों परिवारों को बचाने के लिए हरियाणा सरकार द्वारा विधानसभा में हरियाणा सार्वजनिक जुआ रोकथाम विधेयक पारित किए जाने के फैसले का वरिष्ठ पंजाबी नेता राजेन्द्र चौधरी काका ने स्वागत किया है। इस कदम के लिए प्रदेश के सीएम नायब सिंह सैनी का आभार जताते हुए उन्होंने इस विधेयक को जल्द से जल्द अमलीजामा पहनाने का भी आग्रह किया है। नए विधेयक के अनुसार हरियाणा में अब जुआ खेलने और खिलाने पर 7 साल तक कैद और 5 लाख रुपये तक जुर्माना होगा। इसी तरह क्रिकेट मैच या अन्य किसी मैच या चुनाव के दौरान सट्टेबाजी करने वालों को भी सजा मिलेगी वहीं उनकी प्रॉपर्टी भी जब्त की जाएगी।

# प्रवीण जोड़ा को दी शुभकामनाएं

- हरियाणा गोशाला सेवा दल के सदस्यों ने भाजपा जिलाध्यक्ष का किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶फतेहाबाद



फतेहाबाद। भाजपा के नए जिलाध्यक्ष प्रवीण जोड़ा को बधाई देते हरियाणा गौशाला सेवा दल के सदस्य। फोटो : हरिभूमि

हरियाणा गौशाला सेवा दल के सदस्यों ने भाजपा जिला कार्यालय में पहुंचकर भाजपा के नव-निर्वाचित जिला अध्यक्ष एडवोकेट प्रवीण जोड़ा को मिठाई खिलाकर बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर प्रधान राजेश जोड़ा, लखदातार संस्था के प्रधान बदल जुनेजा, सुभाष सोनी, प्रियंकल सोनी, जितेंद्र सोनी, अतुल मेहता, डॉ. पी दयाल, मोनी मोटर, सुभाष सोनी, अनिल भूटानी मौजूद रहे। जिला अध्यक्ष एडवोकेट प्रवीण जोड़ा ने सभी का अभिनंदन किया। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की घोषणा अनुसार अब प्रदेश में नई गौशालाओं के निर्माण के लिए जमीन खरीदने पर कोई स्टाफ ड्यूटी नहीं लगेगी। साथ ही बेसहारा गोवंश को पकडक़र गौशाला में लाने के लिए 600 रुपये प्रति गाय तो, वहीं 800 रुपये प्रति नंदी की दर से सरकार द्वारा तुरंत नगद भुगतान भी किया जाएगा। उन्होंने यह भी बताया कि बेसहारा गोवंश को सडक़ों पर न भटकना पड़े इसके लिए भी प्रदेश सरकार ने बेसहारा गोवंश मुक्त अभियान शुरू भी कर रखा है।

---

### समाधान शिविर में शिकायत, कार्रवाई की मांग

# आयुष्मान कार्ड दिखाया, इलाज करने से इनकार

- शिविर में जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी अनूप सिंह ने नागरिकों की समस्याएं सुनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶फतेहाबाद



फतेहाबाद। समाधान शिविर नागरिकों की समस्याएं सुनते जिला विकास पंचायत अधिकारी अनूप सिंह। फोटो : हरिभूमि

लघु सचिवालय बैठक कक्ष में आयोजित समाधान शिविर में जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी अनूप सिंह ने नागरिकों की समस्याएं सुनी। उन्होंने उपस्थित विभागाध्यक्षों से कहा कि जो भी शिकायतें प्राप्त होती है उन्हें प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र निपटान किया जाए। उन्होंने कहा कि सरकार का समाधान शिविर आयोजित करने का मकसद लोगों को न्याय दिलवाना हैं। समाधान शिविर आयोजित करने से अब नागरिकों को एक से दूसरे कार्यालयों में जाने से निजात मिली है और एक ही छत के नीचे लोगों की शिकायतों की सुनवाई अधिकारियों द्वारा प्रत्येक कार्य दिवस सुबह 10 से 12 बजे तक की जा रही है। समाधान शिविर में कुल 9 शिकायतें प्राप्त हुई। इस मौके पर अधिकारी मौजूद रहे।

#### समाधान शिविर में ये मिली शिकायतें

वीरवार को आयोजित समाधान शिविर में गांव दौलतपुर निवासी बलवान सिंह ने कम वोल्टेज आने व ट्रांसफार्मर लगवाने, फतेहाबाद निवासी भजन कौर ने बच्चों के पालन पोषण के लिए आर्थिक सहायता प्रदान करने, ढाणी डूल्ट निवासी जोगेंद्र ने ढाणियों का रास्ता पक्का करवाने, फतेहाबाद निवासी बब्ली ने आयुष्मान कार्ड होने के बावजूद इलाज न करने बारे, ढाबी कलां निवासी चरण सिंह ने कन्यादान राशि दिलवाने बारे, फतेहाबाद निवासी सुरजीत सिंह द्वारा लेबर विभाग से कंस्ट्रक्शन पता सत्यापित करने बारे, हंस कालोनी फतेहाबाद निवासी मांगे राम ने रजनी पत्नी सतबीर द्वारा लोन लेकर न भरने व बुजर्ग को तंग करने बारे, मल्लड निवासी सुरेंद्र कुमार द्वारा बिजली का बिल एकमुश्त न भरने बारे तथा सुमन देवी सरपंच ग्राम पंचायत बनगांव ने गांव में किए गए विकास कार्यों की राशि दिलवाए जाने बारे शिकायत रखी। शिविर में प्राप्त सभी शिकायतों को जिला विकास पंचायत अधिकारी अनूप सिंह ने संबंधित विभागों को सौपते हुए शीघ्र से शीघ्र निपटान करने के लिए निर्देश दिए। इस अवसर पर विभिन्न विभागों के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

रस्म क्रिया



स्व. श्रीमती जीवन कुमारी

आप सभी को बड़े दुख के साथ सूचित किया जाता है कि श्रीमती जीवन कुमारी जी का दिनांक 22.03.2025 को हृदयगति रुक जाने के कारण देहांत हो गया है। उनकी आत्मिक शांति हेतु रस्म क्रिया दिनांक 29.03.2025 शनिवार को दोपहर 11 बजे निवासी गांव बढला, तहसील दसूया, जिला होशियारपुर, पंजाब में होगी।

शोकाकुल परिवार

पवन कुमार (पति) सुमित शर्मा (पुत्र)
गोपाल कृष्ण (पुत्र) समस्त भारद्वाज परिवार

सम्पर्क सूत्र : 9253681010, 7973674639